वोट करूंगी तभी तो बढ़ूंगी स्लोगन के साथ महिलाओं ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया

कलेक्ट्रेट व नगर परिषद् परिसर जालोर में बहुरंगी रंगोली बनाकर मतदान का संदेश दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

बालोतरा में रंगोली बनाकर, मेहंदी रचाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर जिले में सतरंगी सप्ताह के तहत सोमवार को जिला, उपखण्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर मतदान केन्द्रों पर रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

स्वीप गतिविधि के तहत जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट व नगर परिषद् परिसर जालोर में मतदान तिथि 26 अप्रेल व वोट भूलज्यो मति का संदेश देती हुई बहुरंगी रंगोली बनाकर मतदाताओं को 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवचरण मीना, स्वीप प्रभारी व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, सहायक कलक्टर दिव्यांश सिंह, सहायक रिटर्निंग अधिकारी प्रमोद सीरवी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदंबरा परमार, विकास अधिकारी प्रदीप मायला व लेखाधिकारी हमीराराम ने रंगोली का अवलोकन कर बच्चों व स्वीप टीम का मनोबल बढ़ाया। रंगाली बनाने के लिए सेंट राजेश्वर विद्यालय की कविता आचार्य और सहयोगी आराध्या, लक्षिता, ज्योति, गुंजन को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्वीप दल की दयावती चारण, ललित ठाकुर, शैलजा माथुर व प्रियंका शर्मा का सहयोग रहा।

इसी प्रकार महिलाओं द्वारा मार्च निकाल कर मतदाताओं को 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। जिले के मतदान केन्द्रों सहित विद्यालयों व महाविद्यालयों में छात्राओं ने मतदान जागरूकता के नारे एवं संदेश देने वाली सुंदर एवं आकर्षक रंगोली बनाकर 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। इस गतिविधि में राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों व विद्यालयों के ईएलसी व वीएएफ प्रभारी, 180 छात्राएँ, एनसीसी, एनएसएस व स्काउट छात्राएँ, नर्सिंग प्रशिक्षणार्थी, आईटीआई प्रशिक्षणार्थी छात्राएँ, शहरी व ग्रामीण नरेगा महिला मजदूर, नेहरू युवा केन्द्र की महिला सदस्य, नगर परिषद की महिला कार्मिक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, राजीविका सदस्य, पंचायत महिला कार्मिक, वीडीओ, बीएलओ, सुपरवाईजर सहित समस्त विभागों के अधिकारी-कार्मिकों ने भाग लिया।

सतरंगी सप्ताह के तहत जिला, उपखण्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित महिला मार्च महिलाओं व छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता संदेशों वाले पोस्टर व बैनर के माध्यम से 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया।

वहीं सतरंगी सप्ताह के तहत जिला, उपखण्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर मतदाता जागरूकता के लिए 23 अप्रेल, मंगलवार को दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसमें राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों व विद्यालयों के ईएलसी व वीएएफ प्रभारी, 180 समस्त विद्यार्थी, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, नर्सिंग प्रशिक्षणार्थी, आईटीआई प्रशिक्षणार्थी, शहरी व ग्रामीण नरेगा मजदूर, नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक, नगर परिषद कार्मिक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, राजीविका सदस्य, पंचायत कार्मिक, वीडीओ, बीएलओ, सुपरवाईजर सहित समस्त विभागों के अधिकारी-कार्मिकों द्वारा दीपदान करवाकर मतदाताओं को 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जायेगा।

वोट करूंगी तभी तो बढ़ूंगी स्लोगन के साथ महिला मार्च को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बालोतरा में महिला मार्च निकाला

बालोतरा संवाददाता के अनुसार : सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार की उपस्थिति में सतरंगी सप्ताह के छठे दिन पंचायत समिति परिसर बालोतरा में राजस्थान ठामीण राजीविका विकास परिषद संस्थान बालोतरा एवं समेकित बाल विकास परियोजना विभाग के सहयोग से ऑरेंज कलर थीम के साथ वोट करूंगी तभी तो बढ़ूंगी स्लोगन के साथ महिला मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वोट करूंगी तभी तो बढ़ूंगी स्लोगन के साथ महिला मार्च पंचायत समिति से शास्त्री सर्किल, घंटाघर, रेलवे स्टेशन होते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचा। इस दौरान महिलाओं ने "वोट करूंगी -तभी तो बढ़ूंगी नारों द्वारा 26 अप्रैल 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक शत प्रतिशत मतदान करने का आवाहन किया। महिलाओं ने अपने आस-पड़ोस, रिश्तेदारों और परिवार जनों को मतदान दिवस पर अधिकाधिक संख्या में मतदान केंद्र पर लाकर मतदान करवाने का संकल्प लिया। महिलाओं द्वारा रंगोली बनाकर, मेहंदी रचाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

इस कार्यक्रम के दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की निदेशिका गंगा चौधरी, राजीविका संस्थान के परियोजना मैनेजर बजरंग लाल समेकित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नितिन गहलोत, स्वीप नोडल अधिकारी प्रभु राम चौधरी, स्वीप सहयोगी भंवरराम झूरिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

अधिवक्ता चैंबर में अघरेलू श्रेणी के विद्युत बिल के खिलाफ याचिका पर सुनवाई

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश डॉ. पी एस भाटी और न्यायाधीश मुन्नुरी लक्ष्मण ने राज्य के न्यायालय परिसर में अधिवक्ता चेंबर में अघरेलू श्रेणी के विद्युत बिल जारी करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर अतिरिक्त महाधिवक्ता को कारण बताने के निर्देश दिये हैं। अतिरिक्त महाधिवक्ता से राजस्थान विद्युत नियामक आयोग से दिशा निर्देश लेकर आगामी पेशी 28 मई तक यह अवगत कराने को कहा है कि वे इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा पारित ऐसे ही प्रकरण को ध्यान में रखते हुए अधिवक्ता चेंबर्स के विद्युत बिल की तुलनात्मक श्रेणी बताएं।

राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से बहस करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास बालिया और अधिवक्ता अनिल भंसाली तथा अनिल भंडारी ने कहा कि राज्य के न्यायालयों में अधिवक्ता को चार-चार के समूह में चेंबर्स का आवंटन किया गया है और इनके खोलने और बंद करने का समय भी हाईकोर्ट प्रशासन ने तय किया हुआ है और इन चेंबर्स में किसी प्रकार की वाणिज्यिक गतिविधियां संचालित नहीं हो रही है।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ता कार्यालय को दुकान, व्यवसायिक संस्था और रेस्टोरेंट के समकक्ष रखकर विद्युत विभाग ने नियमों के प्रतिकूल कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता चेंबर्स को कार्यालय नहीं माना जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने अधिवक्ता कार्यालय और चेंबर्स के विद्युत बिल अघेरलू श्रेणी में रखकर विद्युत राशि वसूलने को नियमों के प्रतिकूल बताया है। उन्होंने इसी परिप्रेक्ष्य में राजस्थान विद्युत नियामक आयोग को पक्षकार बनाए जाने का अनुरोध किया। राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश पंवार, जोधपुर विद्युत वितरण निगम की ओर से भावित शर्मा और हाईकोर्ट की ओर से अंकित तातेड ने पैरवी की।

राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश डॉ. पी एस भाटी और न्यायाधीश मुन्नुरी लक्ष्मण ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा अधिवक्ता कार्यालय और चेंबर्स के विद्युत बिल बाबत पारित आदेश के मद्देनजर अपना रुख बताने का कहा है। उन्होंने राजस्थान विद्युत नियामक आयोग को पक्षकार बनाने का आदेश देते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता को राजस्थान विद्युत नियामक आयोग से अधिवक्ता कार्यालय और चेंबर्स के विद्युत बिल की तुलनात्मक श्रेणी बाबत दिशा निर्देश लेकर आगामी तारीख 28 मई तक अवगत कराने के निर्देश दिए।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए वोट ट्री व दीपदान आज

बाड़मेर में जागरूकता के लिए महिला मार्च का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

बाड़मेर, (नि.सं.)। मतदाता जागरूकता के लिए सतरंगी सप्ताह के छठे दिन सोमवार को ऑरेज कलर थीम पर रंगोली एवं महिला मार्च के जरिए वोट करूंगी, तभी तो बढ़ूंगी थीम के साथ आमजन को 26 अप्रेल को अधिकाधिक मतदान करने का संदेश दिया गया।

सतरंगी सप्ताह के अंतिम दिन मंगलवार को वोट ट्री और दीपदान का कार्यक्रम होगा। थीम का रंग लाल और स्लोगन 'लालच पर होगी, चोट, सोच समझकर करें वोट' होगा।

बाड़मेर जिला मुख्यालय पर भगवान महावीर टाउन हाल से अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार सोनी, स्वीप सहायक कॉर्डिनेटर डा.रामेश्वरी चौधरी, जिला आशा समन्वयक राकेश भाटी ने महिला मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आशा सहयोगिनियों,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मनरेगा श्रमिकों ने आमजन से 26 अप्रेल को मतदान करने का अपील की।

यह महिला मार्च भगवान महावीर टाउन हाल से रवाना होकर विवेकानंद सर्किल, स्टेशन रोड़, अहिंसा चौराहा, मुख्य बाजार होते हुए नगर परिषद कार्यालय तक पहुंचा।

इससे पहले भगवान महावीर टाउन हॉल परिसर में वोट करूंगी, तभी तो बढ़ूंगी, रंगोली बनाकर आमजन को मतदान करने का संदेश दिया गया।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार सोनी ने महिलाओं से 26 अप्रेल को मतदान करने का अनुरोध करते हुए अन्य मतदाताओं को प्रेरित करने की बात कही। ताकि कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित नहीं रहे।

इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग से तेजपाल बामणिया, जिला स्वीप टीम सदस्य कैलाश ठाकूर, कुंजबिहारी जोशी, विष्णुदत, नगर परिषद प्रतिनिधि रमेश कड़ेला, कुलदीप समेत कई विभागीय कार्मिक उपस्थित रहे। महिला मार्च में शामिल महिलाओं को मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। इस आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग, चिकित्सा विभाग, नगर परिषद का सराहनीय योगदान रहा।

सेक्टर डी के 5 भूखण्डों की नीलामी हुई

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशन में प्राधिकरण द्वारा आयोजित ई-नीलामी कार्यक्रम माह फरवरी से मई में विवेक विहार आवासीय योजना के भूखण्डों के क्रय के लिए आमजन में उत्साह एवं रूझान जारी है।

प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी विवेक विहार आवासीय योजना के

■ विवेक विहार आवासीय योजना के भूखण्डों की नीलामी

सेक्टर डी के भूखण्डों की नीलामी में आमजन के भारी रूझान के मद्देनजर सोमवार को सेक्टर डी के 5 भूखण्डों का नीलामी के जरिये विक्रय किया गया।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी नीलामी शाखा सुरेन्द्र माथुर ने बताया कि विवेक विहार आवासीय योजना सेक्टर डी के भू.सं. 499, 510, 511, 525, 526 के लिए नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवा चुके आवेदकों द्वारा मंगलवार को 12:30 बजे तक बोली लगाते हुए ई-नीलामी में भाग लिया जा सकता है। प्रभारी अधिकारी सान्दू ने बताया कि सोमवार को भूखण्डों की नीलामी में प्राधिकरण को 51200/- रूपए प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई। प्राधिकरण द्वारा बुधवार को सेक्टर डी के भू.सं. 540, 570, 571, 577, 578 की नीलामी की जाएगी। ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

होम वोटिंग का द्वितीय चरण

पाली संसदीय क्षेत्र में होम वोटिंग के प्रथम चरण में वंचित रहे मतदाताओं ने मतदान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)।लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत पाली संसदीय क्षेत्र में होम वोटिंग के लिए द्वितीय चरण सोमवार 22 अप्रेल को शुरू हुआ। सोमवार को हुये मतदान में प्रथम चरण में वंचित रहे मतदाताओं ने घर से उत्साह से मतदान किया। सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में बाकी रहे मतदाताओं ने होम वोटिंग का उपयोग किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एलएन मंत्री ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत पाली संसदीय क्षेत्र में होम वोटिंग के लिए 3801 पंजीकरण किए गए हैं। पाली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 3801 पात्र मतदाताओं ने घर से मतदान करने का विकल्प चुना है। इसमें 3147 बुजुर्ग और 654 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि होम वोटिंग के लिए मतदान प्रक्रिया का पहला चरण 14 अप्रैल से शुरू हुआ था। जो अब 23 अप्रैल तक होगा। बूथ लेवल अधिकारी घर-घर मतदान करवाएंगे। इसके लिए स्पेशल वोटिंग टीमें बनाई गई हैं, जो राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की मौजूदगी में पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान के लिए मतदाताओं से घर जाकर होम वोटिंग करवा रही है।

रोटरी क्लब ने 'चार्टर-डे' मनाया

जालोर, (कासं)। रोटरी क्लब जालोर की ओर से क्लब का 30 वां चार्टर-डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी पूर्व अध्यक्षों के द्वारा क्लब सदस्यों के साथ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संयुक्त रूप से दीप जलाकर एवं केक काटकर विश्वशांति के लिए प्रार्थना की गई।

■ रोटरी जैसे संगठन के माध्यम से काम करने से सम्मानजनक जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है

जालोर में रोटरी क्लब ने 30 वां चार्टर डे हर्षोल्लास के साथ मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

इस अवसर पर उपस्थित प्रांतपाल 3055 रो. मोहन पाराशर ने कहा कि मानवता की सेवा ही रोटरी का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने क्लब में नए युवाओं को जोड़ने पर बल देते हुए कहा कि युवाओं को आगे लाने होगा ।रोटरी जैसे संगठन के माध्यम से काम करने से सम्मानजनक जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान क्लब सदस्यों द्वारा रोटरी फाउंडेशन मुहिम के तहत मानवता की सेवा लिए रोटरी फाउंडेशन में सहयोग देने हेतु घोषणा की गयी ताकि रोटरी फाउंडेशन की ओर से चलाए जा रहे प्रोजेक्ट निरंतर चलते रहे। चार्टर सदस्यों को,जो स्थापना दिवस से ही संगठन का हिस्सा रहे हैं, चार्टर डे के कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

चार्टर मेम्बर रोटरियन डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष नंदकिशोर जैथलिया कहा कि अपने पेशेवर कर्तव्यों के अलावा आम जनता के कल्याण के प्रति रोटरी क्लब ऑफ जालोर और उसके सदस्यों की भूमिका सराहनीय है। कार्यक्रम के दौरान ईश वंदना रो. सपना बजाज और नीरा माथुर के द्वारा की गई।समारोह को संबोधित करते हुए क्लब के अध्यक्ष डॉ.पवन ओझा ने क्लब के सदस्यों के बीच इस कार्यकाल की उपलब्धियों को रखते हुए कहा कि पर्यावरण, चिकित्सा, शिक्षा, साक्षरता के क्षेत्र में रोटरी द्वारा किये गए कार्यों से रोटरी सेवा का पर्याय बन चुका है। रोटरी जैसे संगठनों द्वारा निस्वार्थ सेवा करने के कारण ही इन संगठनों की राष्ट्र निर्माण में महती भूमिका सिद्ध होती है।

कार्यक्रम के दौरान डिस्ट्रिक्ट सैक्रेटरी कानाराम परमार,सहायक प्रांतपाल तरुण सिद्धावत, सचिव संजय कुमार, डूंगरसिंह मंडलावत, रमजान खान सहित रोटरी क्लब जालोर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

सार-समाचार

वाहन चोरी का आरोपी गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। शहर की चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने मोपेड चोरी के आरोप में एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की मोपेड को जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी नौ प्रकरण दर्ज है। इनमें आठ चोरी एवं एक आर्म्स एक्ट में दर्ज है। पकड़े गए आरोपी से अब पुलिस पूछताछ में जुटी है। थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि 17 अप्रेल को बलदेव नगर गली नंबर 6 वीर दुर्गादास कॉलोनी निवासी जुल्फिार अली की तरफ से मामला दर्ज कराया गया कि वह अपने परिचित की मोपेड लेकर नहर चौराहा स्थित एक निजी अस्पताल गया था। जहां अस्पताल की पार्किंग में गाड़ी को खड़ा किया था। शाम के समय में गाड़ी चोरी हो गई। थानाधिकारी दवे ने बताया कि वाहन चोर का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज चैक करने पर अब वाहन चोरी के आरोप में चौथा पुलिया चौपासनी हाउसिंग बोर्ड निवासी आशिष सिंह उर्फ निक्की पुत्र विनोद सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से चोरी की मोपेड को जब्त किया गया है। इसके खिलाफ 2019 से लेकर 2023 तक चोरी के आठ एवं एक प्रकरण आम्र्स एक्ट में दर्ज है। दूसरी तरफ शहर के अलग अलग थाना क्षेत्रों से गाडियां चोरी हो गई। प्रतापनगर थाने में दी रिपोर्ट में न्यू चांदपोल रोड बकरा मंडी निवासी मोहम्मद इस्माइल पुत्र अब्दुल गफूर ने पुलिस को बताया कि 21 अप्रेल की दोपहर के समय शुभम अस्पताल क्षेत्र में आया था जहां पर खड़ी की उसकी बाइक को कोई चुराकर ले गया। इसी तरह उदयमंदिर थाने में दी रिपोर्ट में बिलाड़ा के भावी निवासी बाबूलाल पुत्र भगवानराम जाट ने पुलिस को बताया कि वह मिनर्वा सेंटर पर आया था। जहां बाहर से उसकी बाइक चोरी हो गई।

होम वोटिंग के द्वितीय चरण में मतदान

जालोर, (कासं)। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांगजन के लिए होम वोटिंग का प्रावधान किया गया है जिसके तहत द्वितीय चरण में जालोर, आहोर, भीनमाल, सांचौर व रानीवाड़ा विधानसभा में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के निर्देशन में सोमवार को होम वोटिंग के तहत गठित मतदान दलों ने गोपनीयता के साथ मतदान करवाया। आहोर विधानसभा क्षेत्र (141) में दयालपुरा निवासी 84 वर्षीय बुजुर्ग वरदाराम ने सोमवार को होम वोटिंग की प्रक्रिया के माध्यम से वोट डालकर लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने कहा कि उम्र अधिक होने के कारण मतदान केंद्र तक पहुंचने में असमर्थ थी किन्तु भारत निर्वाचन आयोग की होम वोटिंग सुविधा से वोट डालने का मौका मिल सका। इसके लिए उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग का आभार भी जताया। आहोर विधानसभा (141) में दयालपुरा निवासी दिव्यांग मतदाता 54 वर्षीय लादूराम ने होम वोटिंग के माध्यम से मतदान कर होम वोटिंग की पहल को दिव्यांगजनों को सुविधाजनक बताते हुए भारत निर्वाचन आयोग का आभार जताया।

राधाकृष्ण व सैनजी मंदिर में कार्यक्रम

भीनमाल, (निसं)। भीनमाल के निकटवर्ती जोधावास गांव में तीन दिवसीय राधा कृष्ण एवं संत शिरोमणी श्री सैनजी महाराज मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन सोमवार सुबह जलयात्रा के साथ समस्त सैन समाज राठौड़ चौहान पट्टी के तत्वावधान में शुरू हुआ। जलयात्रा जोधावास गांव के विभिन्न मार्गों से डीजे की धुन बैंड बाजों व ढ़ोल धमाके के साथ निकली। जलयात्रा में बड़ी संख्या में बालिकाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया। चाकसू के जाने माने पंडित राधामोहन शास्त्री के सान्निध्य में मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापन किया गया। सोमवार को गणपति पूजन, मण्डप प्रवेश, अग्नि स्थापना, वास्तु आदि देवता स्थापना, हवन-यज्ञ कार्य म शुरू किया गया एवं शाम को भजन संध्या का कार्यक्रम होंगा। जिसमें राजू सैन बंबोर व गणपत वाघेला एंड पार्टी जोधपुर के द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। कार्यक्रम के दुसरे दिन मंगलवार शाम को निलेश एंड पार्टी व लक्ष्मी खंडेलवाल एंड पार्टी की ओर से भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

इंस्टाग्राम पर दोस्ती, होटल में दुष्कर्म

जोधपुर, (कासं)। शहर के रातानाडा इलाके में आई एक होटल में युवती से युवक ने दुष्कर्म किया गया। युवक ने उसे शादी के झांसे में फांसा और फिर देहशोषण किया। युवक अब शादी से मुकर गया। पीड़िता ने इस बारे में रातानाडा थाने में धोखाधड़ी एवं रेप का केस दर्ज करवाया है। इनमें इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। पुलिस ने बताया कि जोधपुर जिले की एक युवती ने यह मामला दर्ज कराया। इसमें बताया कि सांचोर के एक युवक से उसकी इंस्टग्राम पर दोस्ती हुई थी। युवक जयपुर में पढ़ाई करता है। उसने दोस्ती के बाद यहां रातानाडा स्थित एक होटल पर बुलाया और दुष्कर्म किया। उसे शादी का झांसा देता रहा और अब मुकर गया। घटना 7 अप्रेल की है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए अब जांच आरंभ की है। पीड़िता का मेडिकल करवाए जाने के साथ उसके बयान लिए गए है।

विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम हुआ

जोधपुर, (कासं) । पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न संदेशपरक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर ने बताया कि छात्रा भावना सिंह ने अपने भाषण में पृथ्वी के दर्द को बयान किया। विद्यार्थियों की टोली ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश को समेटे नाटक की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बच्चों के लिए नारा लेखन और पोस्टर रचना प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को पृथ्वी के रूप स्वरूप को सँवारने के लिए अधिकाधिक पेड़ लगाने का संकल्प दिलाया, ताकि इसका लाभ भविष्य की पीढ़ियों को मिल सके। प्रतियोगिताओं का संचालन टीजीटी कला शिक्षक केशव वरनोती ने किया।

स्कूल के सामने जुआ खेलते पकड़ा

जोधपुर, (कासं)। शहर की सरदारपुरा पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर जुआ खेल रहे युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से जुआ राशि को बरामद कर केस दर्ज किया है। सरदारपुरा थाने के एएसआई हनुमानराम ने सरप्रताप स्कूल के सामने मच्छी मार्केट में जुआ खेल रहे जलालखान, राजू, यूनस और मोहम्मद खां को थाने के एएसआई रमेशचन्द्र ने तथा इसी क्षेत्र में जुआ खेल रहे जावेद खान, एजाज और ताहिर खान को थाने के एसआई विश्राम मीणा जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार मेडिकल मार्केट जालोरी गेट क्षेत्र में जुआ खेल रहे साबिर हुसैन, मोहम्मद, आसिफ, मोहम्मद और साजिद को गिरफ्तार रूपए जब्त किए है।

गहलोत का मुसाफिर खाना में स्वागत

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के बागोडा रोड पर स्थित मुस्लिम मुसाफिर खाना में सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का मुस्लिम समाज के लोगों ने स्वागत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली भुट्टो के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कांग्रेस प्रदेश सचिव शाहजाद अली सैयद, नगर अध्यक्ष सैयद मुमताज अली के नेतृत्व में लोगों ने हिस्सा लिया। प्रात: 10 बजे गहलोत मुस्लिम मुसाफिरखाने में पहुंचे। इस दौरान वहां उपस्थित तमाम लोग उनकी झलक पाने के लिए उत्साहित नजर आए। बैठक में मुस्लिम समाज के लोगों ने जननायक पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का माला पहनाकर तहे दिल से स्वागत अभिनंदन किया। हनीफ खान माडसा, मुख्तियार खां मुसला ने भी स्वागत किया।

नीरज डांगी आशापुरा मंदिर पहुंचे

रेवदर, (निसं)। रेवदर के निकट धाण ग्राम में आशापुरा माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सांसद नीरज डांगी ने सोमवार को शिरकत की। प्राण प्रतिष्ठा समारोह चौहान परिवार द्वारा आयोजित की गई । कार्यक्रम में सांसद नीरज डांगी के पहुंचने पर ढोल धमाकों के साथ भव्य स्वागत किया सांसद नीरज डांगी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में कांग्रेस वरिष्ठ नेता हिमपाल सिंह देवल, भवानी सिंह भटाणा, पूर्व सरपंच बाबू राम मेघवाल ,पूनम चंद पुरोहित, पूराराम मेघवाल, धनाराम मेघवाल, प्रभु राम, सदा राम एवं समस्त मेघवाल समाज उपस्थित थे।

टीकाराम जूली जालोर पहुंचे

जालोर, (कासं)। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री को अब जेहन में बैठ गया है कि हम हार रहे है। जिससें पुरी तरह से बौखला गये है। उनकी बौखलाहट जालोर जिले के भीनमाल में आयोजित जनसभा में दिखी। नेता प्रतिपक्ष जूली सोमवार को जालोर में एक दिवसीय दौरे के दौरान पत्रकारों से रुबरु हुए। जूली ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी भाजपा से ज्यादा सीटें जीत रही है। इस मौके पर रमिला मेघवाल भी उपस्थित थी।